तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 25 जून 2026

[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]


4 कलेक्टर ने दी चेतावनी, यदि पटवारी बरतेंगे लापरवाही तो होगी कार्रवाई




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
25 जून 2026
कूपन नं.
5



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज
ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


### प्री मानसून के तौर पर 6-7 जून तक एक बार होती थी बड़ी बारिश, इसमें जुताई करते थे अकरस

# 12 सालों में नहीं देखी बारिश की ऐसी बेरुखी, जहां हर साल लगता था रोपा वहां करना पड़ रहा बोनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते 12-15 सालों में बारिश की ऐसी बेरुखी नहीं देखी गई थी। इस साल जो हालात निर्मित हुए हैं इसे लेकर कृषि विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर किया है। उनके अनुसार जून के 6-7 तारीख को एक बार बड़ी पानी गिरता था। उस में किसान अकरस जुताई करते थे, लेकिन इस साल ऐसी बारिश भी नहीं हुई है। 15 जून के बाद मानसून का आगमन हो जाता था। बहुत ज्यादा देरी हुई तो 18-19 जून तक मानसून आ ही जाता था, लेकिन 25 जून तक यदि मानसून का आगमन नहीं हुआ है तो किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस चिंता में किसानों ने जिस खेत में हर साल रोपा लगाते थे, वहां खुर्रा बोनी कर रहे हैं। कारण बारिश नहीं हुई तो कम से कम खेत खाली नहीं रहेंगे। पहली बार खुर्रा बोनी के आंकड़े बढ़े हैं। मंगलवार को देर शाम मौसम बना था, तेज आंधी के साथ कुछ समय बारिश भी हुई, लेकिन केवल सड़क गिला करने जैसी। रात को भी धीरे-धीरे बारिश हुई है, लेकिन वह भी किसानों के लिए कोई काम का नहीं है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो अभी कम से कम लगातार घंटा दो घंटा तेज बारिश नहीं होगी तो खेती का काम सुचारु नहीं हो सकता। बुधवार को दिनभर तेज धूप खिलने की वजह से उमस और गर्मी बढ़ गई है।

**खास बात**

- 15 जून के बाद मानसून की होता था आगमन, इस साल काफी पीछे चल रहा मानसून



हमारी जानकारी के अनुसार बीते 12-15 सालों में ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई थी। 6-7 जून को बड़ा पानी जरूर गिरता था। 15 जून के बाद 20 जून से पहले तक मानसून का आगमन होता था। खेती का काम पिछड़ सकता है।

**आरएन साहू**
रिटायर्ड कृषि अधिकारी

### इस बार टारगेट कम

इस बार कृषि विभाग ने धान बोनी का टारगेट कम किया गया है, लेकिन बीते साल की तुलना में रोपा का टारगेट ज्यों का त्यों रखा गया है। यह टारगेट बीते मार्च में ही तैयार हो जाता है। ऐसे में इस साल कृषि विभाग का जो टारगेट था बोनी का वह फेल हो गया है। अभी बोनी ज्यादा हो रही है, कारण बारिश नहीं हो रही है। इसी वजह से रोपा लगाने के लिए किसान डर रहे हैं। जिस किसान के पास सिंचाई का साधन है उन्हीं लोग रोपा के लिए नर्सरी लगा रहे हैं। जिले के सात ब्लॉक में बोनी का टारगेट 1 लाख 29 हजार 763 हेक्टेयर और रोपा का टारगेट 34 हजार 845.820हेक्टेयर है। जबकि बीते साल बोनी का टारगेट 1 लाख 32 हजार 411 हेक्टेयर था और रोपा 34 हजार 845.820 हेक्टेयर ही था।

### ऐसे है बोनी और रोपा का टारगेट

| | |
|---|---|
| ब्लॉक - | रायगढ़ |
| बोनी - | 18086 |
| रोपा - | 2235 |
| ब्लॉक - | खरसिया |
| बोनी - | 18167 |
| रोपा - | 3436 |
| ब्लॉक - | तमनार |
| बोनी - | 15350 |
| रोपा - | 2532 |
| ब्लॉक - | पुसौर |
| बोनी - | 22226 |
| रोपा - | 4151 |
| ब्लॉक - | धरमजयगढ़ |
| बोनी - | 26590 |
| रोपा - | 11102 |
| ब्लॉक - | घरघोड़ा |
| बोनी - | 8418 |
| रोपा - | 7300 |
| ब्लॉक - | लैलूंगा |
| बोनी - | 20923 |
| रोपा - | 4089 |

## प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में 213 विद्यार्थियों का चयन

**रायगढ़।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएस 2025-26 में रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 213 सीटों पर चयन प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी चयन सूची के अनुसार चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से आगे की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति का लाभ प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ एवं सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले से 3 हजार 509 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीयन कराया था जिनमें से 3050 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा परिणाम में 1602 विद्यार्थी पात्र घोषित किए गएए जबकि निर्धारित कोटे के अनुसार 213 विद्यार्थियों का अंतिम चयन किया गया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ जिले के चयनित विद्यार्थियों उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनतए शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

**खबर संक्षेप**

### पीएटी एवं पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा 28 को

**रायगढ़।** व्यापमं द्वारा पीएटी पीव्हीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जून रविवार को किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित होगी। जिसके लिए दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिनमें शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल, तथा किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक, चक्रधर नगर, शामिल हैं। कलेक्टर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। परीक्षा केन्द्रों में निगरानी के लिए ऑब्जर्वरों की भी नियुक्ति की गई है। जिसमें गवर्नमेंट नटवर इंग्लिश स्कूल, रायगढ़ के लिए रविन्द्र दासे, सहायक अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजन, किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक, चक्रधर नगर के लिए कृष्ण कुमार प्रधान, प्रशिक्षण अधिकारी, आईटीआई तमनार को ऑब्जर्वर बनाया गया है।

### जिले में 51.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में 24 जून तक 51.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 24.1 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 112.5 मिली मीटर, पुसौर में 64.6, खरसिया में 36.4, घरघोड़ा में 23.3, तमनार में 82.9, लैलूंगा में 29, मुकडेगा में 30.8, धरमजयगढ़ में 24.4, छाल में 31 एवं कापू में 81 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### भूमिहीन परिवारों की बदल रही जिंदगी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार समाज के कमजोर, वंचित और श्रमजीवी वर्गों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है।

## ट्रांसफार्मर का डीओ चढ़ाने बिजली विभाग के कर्मचारियों को लग गए 14 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मोहल्ले में यदि ट्रांसफार्मर का डीओ गिर गया है तो कम से कम आपको 10-12 घंटे इंतजार करना पड़ेगा तब जाकर बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचेंगे। ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि विभाग के पास कर्मचारियों का टोटा है। दूसरी ओर इसका ताजा उदाहरण बुधवार को देखने को मिला जब मोदी नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के कुछ ब्लॉकों का कुछ फेज की लाइट चली गई थी।

जोन टू से लेकर जोन वन के अधिकारियों को इसकी सूचना देकर जांच करने की गुजारिश करते रहे, लेकिन शाम साढ़े 5 बजे तक बिजली विभाग का कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा। किसी तरह 6 बजे कर्मचारी वहां पहुंचे और ट्रांसफार्मर का डीओ चढ़ाया। याने शानदार 14 घंटे उमस और गर्मी में वहां के रहवासी हलाकान होते रहे। सबसे ज्यादा दिक्कत छोटे-छोटे बच्चों को होती है, लेकिन दिन-रात एसी चेंबर में बैठने वाले अधिकारियों को इनकी तकलीफ कहां देखी जाती है। बहरहाल बिजली विभाग की मेहरबानी से 14 घंटे के अंतराल के बाद बिजली बहाल हो पाई। यह केवल एक मोहल्ले या एक वार्ड की दिक्कत नहीं है। इस तरह के हालात शहर से लेकर गांवों तक है। गांवों में तो किसी नौसिखिए को सब स्टेशन में विभाग के अधिकारी तैनात कर देते हैं। ट्रांसफार्मर का डीओ चढ़ाने के लिए बिजली विभाग यदि शहर में 14 घंटे मोहल्लेवासियों को इंतजार करा सकता है तो समझ लिजिए गांवों के हालात कैसे होते होंगे। पांच से सात लोगों द्वारा इसकी शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत नंबर तो रिसीव ही नहीं होता है। कुल मिलाकर यदि बिजली की कोई समस्या है तो तत्काल हल हो जाएगी इसकी उम्मीद तो कदापि नहीं करना चाहिए।



**बुधवार की सुबह करीब 4 बजे मोदी नगर के कई ब्लॉकों में कुछ फेज की कट गई थी बिजली**

### शिकायतों का अंबार, मुट्ठी भर कर्मचारी

हर दिन शिकायतों की ढेरी रहती है, विभाग के पास मुट्ठी भर ही कर्मचारी है। फ्यूज कॉल के नाम पर कुछ टीम तैनात जरुर की जाती है, लेकिन शिकायतें इतनी रहती है कि उनसे भी समय पर सुधार की उम्मीद करना बेमानी ही है। हर दिन शिकायतों का अंबार रहता है, लेकिन कर्मचारियों के अभाव में लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।

## एथेनॉल प्लांट के नाम पर करोड़ों की ठगी दिल्ली की कंपनी के संचालक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र स्थित सराईपाली की नवदुर्गा फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड के साथ करोड़ों रुपए की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर पूंजीपथरा पुलिस ने दिल्ली स्थित बेन एंड गॉज प्राइवेट लिमिटेड के संचालक द्विपायन दत्ता के खिलाफ धारा 318,4 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवदुर्गा फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड में प्रबंधक पद पर कार्यरत राकेश प्रकाश पाण्डेय ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि कंपनी द्वारा वर्ष 2024 में 100 ग्रेन बेस्ड एथेनॉल प्लांट की स्थापना की जा रही थी। इस परियोजना के लिए 75 हजार मीट्रिक टन क्षमता के ग्रेन स्टोरेज साइलो की आवश्यकता थी। शिकायत के मुताबिक, उक्त सामग्री खरीदने के लिए कंपनी ने दिल्ली की बेन एंड गॉज प्राइवेट लिमिटेड के साथ संपर्क किया। यह संपर्क एथेनॉल प्लांट में कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत सुखराज सोनी के माध्यम से हुआ था। दोनों कंपनियों के बीच सहमति बनने और शर्तें तय होने के बाद 20 अप्रैल 2024 को लगभग 3.50 करोड़ रुपये का क्रय आदेश जारी किया गया। शिकायत में बताया गया है कि सामग्री की आपूर्ति के लिए अलग.अलग तिथियों में आरटीजीएस के माध्यम से कुल 2 करोड़ 17 लाख 55 हजार 265 रुपये का भुगतान विक्रेता कंपनी को किया गया। इसके बदले केवल 68 लाख 90 हजार 400 रुपये मूल्य की सामग्री ही भेजी गई। शेष सामग्री की आपूर्ति के लिए विक्रेता कंपनी ने 1 करोड़ 48 लाख 50 हजार रुपये का कथित फर्जी इनवॉइस जारी कर यह दावा किया कि माल भेज दिया गया है और शेष सामग्री भी तैयार है। इस संबंध में कंसल्टेंट सुखराज सोनी द्वारा भी पुष्टि किए जाने के बाद नवदुर्गा फ्यूल ने आगे भुगतान किया।




### माल नहीं मिला, फर्जी डिस्पैच दस्तावेज भेजने का आरोप

कंपनी प्रबंधन का आरोप है कि लंबे समय तक प्रतीक्षा के बावजूद शेष सामग्री नहीं भेजी गई। जब कंपनी के अधिकारियों ने बेन एंड गॉज प्राइवेट लिमिटेड के संचालक द्विपायन दत्ता से संपर्क किया तो उसने दो माह के भीतर सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन दियाए लेकिन बाद में लगातार टालमटोल करता रहा। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि माल भेजने के नाम पर ई.मेल के माध्यम से फर्जी डिस्पैच दस्तावेज भेजे जाते रहे। कंपनी के संचालक दीपक शर्मा और एथेनॉल यूनिट प्रमुख राजेश कुमार ने भी कई बार कंपनी कार्यालय जाकर संपर्क किया लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।

### दिया गया चेक भी हुआ बाउंस

मामले में नया मोड़ तब आया जब 29 दिसंबर 2025 को नवदुर्गा फ्यूल के कर्मचारी मोहित कुमार को हरियाणा स्थित कंपनी कार्यालय भेजा गया। वहां सामग्री उपलब्ध नहीं करा पाने की स्थिति में बेन एंड गॉज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 1 करोड़ 48 लाख 44 हजार 160 रुपये का चेक दिया गया। यह चेक 26 मार्च 2026 को बैंक में जमा किया गया लेकिन खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया। पूंजीपथरा पुलिस ने शिकायत और प्रस्तुत दस्तावेजों के अवलोकन के बाद प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी का मामला पाए जाने पर धारा 318,4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अब मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

## बाढ़ के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में रहेगी विशेष निगरानी

**रायगढ़।** नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रबंधन की समीक्षा बैठक ली। बैठक में शहर के संवेदनशील एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

आयुक्त श्री क्षत्रिय ने पैठूडबरी, नवापारा, चिरंजीवी दास नगर, रामभाठा, बेलादुला खेतपारा, बैजनाथ मोदी नगर, तेन्दूडिपा खेतपारा, शिवम् विहार, भगवानपुर सहित अन्य जलभराव संभावित क्षेत्रों में नामजद अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान एवं लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए सभी अधिकारी अपने.अपने प्रभार क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखें तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने सभी सफाई दरोगाओं, राजस्व अमले तथा उप अभियंताओं को निर्देशित किया कि मौसम खराब होने अथवा तेज वर्षा की स्थिति में चिन्हांकित क्षेत्रों का सतत निरीक्षण करेंगे और जलभराव की स्थिति पर नजर बनाए रखेंगे। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसपर किसी भी क्षेत्र में जलभराव की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या का समाधान सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बाढ़ आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारियोंए अभियंताओंए राजस्व अमले एवं सफाई व्यवस्था से संबंधित कर्मचारियों को समन्वय के साथ कार्य करने तथा आवश्यकता पड़ने पर त्वरित राहत एवं बचाव व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने मानसून अवधि के दौरान सभी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा किए मानसून के दौरान नागरिकों की सुरक्षा और जलभराव से राहत देना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों में पूर्व तैयारीए सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई से ही किसी भी आपदा की स्थिति को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है।



## अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम, अब तक 344 प्रकरण दर्ज

**रायगढ़।** अवैध उत्खनन और परिवहन पर लगाम लगाने के लिए विभाग की ओर से कार्रवाई की जा रही है। अब तक के आंकड़ों पर गौर करें तो करीब 344 प्रकरण दर्ज किया गया है। इसमें एक करोड़ से अधिक का अर्थदंड अधिरोपित की गई है। जिले में अवैध उत्खननए परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 344 प्रकरण दर्ज कर 1 करोड़ 16 लाख 98 हजार 687 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गयाए जो पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है।

वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में 18 जून 2026 तक 74 प्रकरण दर्ज कर 28 लाख 59 हजार 600 रुपए का अर्थदंड लगाया जा चुका है। इनमें अवैध उत्खनन के 9ए अवैध परिवहन के 61 तथा अवैध भंडारण के 4 मामले शामिल हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि जिले में खनिज संपदा की चोरी एवं अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभाग समन्वित कार्रवाई करें तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### कलेक्टर एवं एसएसपी ने अधिकारियों को दिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश

# 261 लोगों ने नशे को कहा ना, जुड़े मुख्यधारा से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मयंक चतुर्वेदी और एसएसपी शशि मोहन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था समीक्षा बैठक में जिले में कानून व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान, अवैध उत्खनन, औद्योगिक सुरक्षा, आबकारी अधिनियम के प्रकरणों तथा विभिन्न संवेदनशील विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागवार प्रगति का परीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि कानून व्यवस्था से जुड़े सभी विषयों में विभागीय समन्वय, सतत निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नशा एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन तथा आमजन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में जीरो टालेरेन्स की नीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर परिणाम सुनिश्चित करे तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर जवाबदेही तय की जाएगी। कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन पर प्रभावी अंकुश लगाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व, खनिज, पुलिस एवं परिवहन विभाग को संयुक्त अभियान चलाकर नियमित जांच, सघन निगरानी एवं दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में नशा मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए समाज कल्याण विभाग द्वारा बताया गया कि विभागीय मान्यता प्राप्त नवजीवन व्यसन एवं पुनर्वास नशामुक्ति केंद्र, कौहाकुण्डा में वर्तमान में 15 स्वीकृत सीटों के विरुद्ध 12 नशा पीड़ित उपचाररत हैं। केंद्र के माध्यम से अब तक 261 व्यक्तियों को नशे की लत से मुक्त कर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा चुका है। बैठक में औद्योगिक सुरक्षा संबंधी मॉनिटरिंग एवं दुर्घटना की स्थिति में तैयारियों की समीक्षा भी की गई। विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के निरीक्षण के दौरान श्रमिकों द्वारा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग नहीं करने, स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों के पालन में कमी, अग्निशमन उपकरणों के रखरखाव, फ्लाई ऐश प्रदूषण नियंत्रण तथा सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करने जैसे विषय सामने आए।




अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग
छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास,
गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### सेवा ही सनातन, सुशासन ही साधना : ओपी

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दो दिवसीय प्रवास के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले गणमान्य नागरिकों के निवास पहुंचकर संवाद किया और उन्हें सम्मानित किया। 12 वर्ष विश्वास के 12 वर्ष विकास केए 12 वर्ष जनकल्याण के साथ ओपी चौधरी ने कहा कि मोदी का यह 12 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का युग बनकर उभरा है। सनातन परंपरा में सेवा परमो धर्म कहा गया है और मोदी ने इस मंत्र को धरातल पर उतारकर दिखाया है। कोरोना काल में निःस्वार्थ सेवा देने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. केदारनाथ पटेल, डॉ. रूपेन्द्र पटेल, कानून के रखवाले, समाज को न्याय का मार्ग दिखाने वाले अधिवक्ता सुभाष कुमार नंदे, किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक के पूर्व विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग सैकड़ों छात्रों को कुशल तकनीकी पेशेवर बनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले प्रो डीएस ठाकुर जीएपार्टी को जड़ों से मजबूत करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता आपातकाल की असहनीय पीड़ा झेलते हुए संगठन के लिए समर्पित रहने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता सुगन चन्द फरमानिया, लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के लिए जीवन समर्पित करने वाले वरिष्ठ संपादक उदय राम थवाईत, वरिष्ठ नागरिक, पुरातत्व के ज्ञाता, डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी इंचार्ज किताबों और लाइब्रेरी को अपनी संपत्ति की तरह सहेजने वाले रवि मिश्रा जीएसामाजिक और व्यापारिक क्षेत्र के सम्मानिय नागरिक टेक चंद पंजाबी एवं पुत्र मनीष पंजाबी के निवास स्थान पहुंचे और मोदी के कार्यकाल के साक्षी रहे वरिष्ठ जनों से संस्मरण साझा कर आभार जताया।

### छत्तीसगढ़ की सीनियर फर्स्ट-5 टीम घोषित

**जांजगीर-चांपा।** नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 5वीं सीनियर नेशनल फर्स्ट 5 नेटबॉल प्रतियोगिता 25 से 28 जून को पांडिचेरी में आयोजित की गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ की महिला एवं पुरुष टीम घोषित की गई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पश्चात खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर लगाने के बाद फाइनल सिलेक्शन ट्रायल लिया गया फाइनल सिलेक्शन ट्रायल में यो-यो टेस्ट 800 मीटर दौड़, 100 मी दौड़ एवं गेम की दक्षता को देखते हुए यह खिलाड़ी चयनित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ टीम इस प्रकार है पुरुष वर्ग में कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, मनोज साहू,नमनदीप टंडन ,निहाल पांडे, देवेश धीवर, अमन भोई, सुनील धीतलहरे एवं देवेंद्र यादव वहीं महिला वर्ग की टीम इस प्रकार है- कप्तान मिशा कुमारी, हर्षिका उपाध्याय, शिफा खान ,आरती चौहान अलका शर्मा , अंशिका शर्मा, नेहा शाह, कुमारी सृष्टि, खुशबू गुप्ता, एवं गुनीता साहू जबकि पुरुष वर्ग में कोच एवं मैनेजर अनूप यादव व प्रशांत जब को बनाया गया है वहीं महिला वर्ग में कोच प्रकाश विश्वकर्मा एवं मैनेजर इंद्राणी को बनाया गया नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने टीम के सभी खिलाड़ियों को चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक, की गई लंबित प्रकरणों की समीक्षा

# कलेक्टर ने दी चेतावनी, यदि पटवारी बरतेंगे लापरवाही तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राजस्व अधिकारियों की मैराथन समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने लंबित राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आम जनता से जुड़े प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजस्व अधिकारी नियमित समीक्षा के माध्यम से अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ राजस्व अमलेए विशेषकर पटवारियों के कार्यों की सतत निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएए वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व कार्यों में ठोस परिणाम दिखाई देने चाहिए तथा प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र की प्रगति के लिए जवाबदेह रहेगा। बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त राजस्व प्रकरणों एवं उनके निराकरण की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग कर निर्धारित समय.सीमा में उनका निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बताया कि इन कार्यों की प्रदेश स्तर पर भी नियमित निगरानी की जा रही है। कलेक्टर ने डिजिटल किसान किताब के अद्यतन कार्य की समीक्षा करते हुए रिकॉर्ड अपडेट करने में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नक्शा बटांकन, स्वामित्व योजना, कोटवारी सेवा भूमि के रिकॉर्ड दुरुस्ती, राजस्व अभिलेख अद्यतीकरण, वन अधिकार अंतर्गत फौती नामांतरण, खाता विभाजन एवं रिकॉर्ड दुरुस्ती कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने लंबित प्रकरणों के निराकरण में विशेष ध्यान देने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### एक साल से अधिक मामलों की समीक्षा

बैठक में नामांतरण, बटांकन, राजस्व सर्वेक्षण, नजूल नवीनीकरण, स्वामित्व योजनाए नारंगी भूमि सर्वे, आरबीसी 6.4, शासकीय विभागों को भूमि आवंटन, ई.कोर्ट में निराकृत प्रकरणों की प्रविष्टिए एक वर्ष से अधिक समय से लंबित राजस्व प्रकरणों तथा मिसल-खसरा मिलान, एग्रीस्टैक, पीएम किसान सम्मान निधि तथा अन्य कृषक हितैषी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को कार्ययोजना तैयार कर लंबित प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी राजस्व अधिकारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

## एक ही दिन 18 बीज दुकानों में कृषि विभाग की एक साथ दबिश

### 37.45 क्विंटल बीज बिक्री पर लगी रोक




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

23 जून को जिले के सभी ब्लॉकों में एक साथ करीब 18 बीज दुकानों की जांच कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई। इस दौरान बीज नियंत्रण आदेश 1983 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर विभिन्न बीज विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 37.45 क्विंटल बीज के विक्रय, वितरण एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया।

उप संचालक कृषि ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खरसिया स्थित मेसर्स जय बालाजी एजेंसी, समलेश्वरी बीज भंडार पटेलपाली, बालाजी बीज भंडार पटेलपाली, मुकेश बीज भंडार धरमजयगढ़ श्याम कृषि केंद्र सिसरिंगा तथा सागर कृषि केंद्र पुसौर में बीजों के स्रोत संबंधी दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान कई प्रतिष्ठानों द्वारा विक्रय किए जा रहे बीजों के वैध स्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके चलते विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बीजों की बिक्री पर रोक लगा दी गई। खरसिया स्थित जय बालाजी एजेंसी में अंकुर सीड एवं मनसा सीड के स्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने पर अंकुर सोनम एवं मनसा विराट धान बीज के स्टॉक के विक्रय, वितरण एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया। इसी प्रकार रायगढ़ विकासखंड के समलेश्वरी बीज भंडार पटेलपाली, बालाजी बीज भंडार पटेलपाली, मुकेश बीज भंडार धरमजयगढ़ एवं श्री श्याम कृषि केंद्र सिसरिंगा में पान सीड्स प्राइवेट लिमिटेड के बीजों के स्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने पर सात दिवस के लिए विक्रय प्रतिबंध लगाया गया। वहीं पुसौर स्थित सागर कृषि केंद्र में धान की किस्म आईआर.64 के स्रोत प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण उसके विक्रय पर रोक लगाई गई है। कृषि विभाग ने निरीक्षण के दौरान मासिक प्रतिवेदन एवं आवश्यक अभिलेखों का संधारण नहीं पाए जाने पर जिले के 9 बीज विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है।

### 107 नमूनों की जांच के लिए भेजे गए सेंपल

खरीफ 2026 में बीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 107 नमूने जांच के लिए राज्य स्तरीय बीज गुण नियंत्रण प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। इनमें 84 नमूने सहकारी क्षेत्र तथा 23 नमूने निजी क्षेत्र से लिए गए हैं। विभाग ने बताया कि जिले में खरीफ सीजन की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में बीज सहकारी एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध हैं। बीज की गुणवत्ता संबंधी किसी भी शिकायत अथवा दावे के निराकरण में सुविधा होगी। विभाग ने किसानों को सतर्क रहते हुए प्रमाणित एवं गुणवत्तायुक्त बीजों का ही उपयोग करने की सलाह दी है।

## नेपाल में रायगढ़ के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते 10 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



नेपाल के पोखरा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में रायगढ़ जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10 स्वर्ण पदक हासिल किए। 14 से 17 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश सहित छह देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न वर्गों में आयोजित मुकाबलों में रायगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने कौशल और अनुशासित प्रदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक अर्जित किए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले को गौरवान्वित करने वाले खिलाड़ियों एवं उनके प्रशिक्षक का आज कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि रायगढ़ के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन खेल अधोसंरचना के विकास तथा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। प्रतियोगिता में ताइक्वांडो खिलाड़ी निहाल ठक्कर, वसु शर्मा, रिया तिवारी, अक्षिता पाण्डेय, अनु आदित्य, अर्पिता आदित्य, मुकुंद अग्रवाल, वर्णिका अग्रवाल, वाची शर्मा एवं तनिष्क वर्मा ने अपने.अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए।

### 41वें चक्रधर समारोह के लिए समिति गठित

**रायगढ़।** 41वें चक्रधर समारोह आयोजन को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए अधिकारियों की एक समिति गठित की है। समिति को समारोह में आने वाले अतिथियों एवं कलाकारों के सम्मान के लिए स्मृति चिन्ह तैयार कराने तथा कार्यक्रम से संबंधित पोस्टरए बैनरए निमंत्रण कार्ड एवं अन्य प्रचा-.प्रसार सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश के अनुसार एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

## चंद्रपुर बस स्टैंड के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**चंद्रपुर।** नगर के बस स्टैंड स्थित प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 23 जून की रात चोरी की घटना सामने आई है। इसे लेकर श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश है। चोरों ने मंदिर परिसर में घुसकर भगवान हनुमान की प्रतिमा के गले में सुशोभित चांदी की माला चोरी कर ली तथा मंदिर के अंदर और बाहर रखी दोनों दान पेटियों को तोड़कर उसमें रखी नकदी लेकर फरार हो गए।



मंगलवार सुबह जब मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए पहुंचेए तब चोरी की घटना का पता चला। सूचना मिलते ही मंदिर समिति के सदस्य तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे और चोरी की इस वारदात पर नाराजगी व्यक्त की। मंदिर समिति द्वारा तत्काल चंद्रपुर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गयाए जिसने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में जांच की। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। नगरवासियों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं और इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गए सामान एवं नकदी की बरामदगी की मांग की है।

### 82 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों और स्वच्छता कर्मियों को मिला व्यवहारिक

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**रायगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम.2026 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम ऑडिटोरियमए रायगढ़ में एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टर के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारीए जिला पंचायत के मार्गदर्शन में पर्यावरण विभाग के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यशाला में जिले की 82 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, स्वच्छाग्रही, स्वच्छता से जुड़े कार्यकर्ता एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह एवं पुरुषोत्तम पंडा ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम.2026 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि स्वच्छ ग्रामों के निर्माण में वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत को नियमों के अनुरूप कार्य करना आवश्यक होगा। प्रशिक्षण सत्र के दौरान घरेलू एवं सामुदायिक स्तर पर उत्पन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिभागियों को 4.वे कचरा पृथक्करण प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें गीला कचराए सूखा कचरा, सैनिटरी अपशिष्ट तथा घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को अलग-अलग संग्रहित करने और उनके सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रिया समझाई गई। विशेषज्ञों ने बताया कि स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण करने से अपशिष्ट प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया अधिक प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल बनती है। साथ ही ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहणए परिवहन एवं अंतिम निस्तारण की वैज्ञानिक व्यवस्था विकसित करने पर भी जोर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि ग्राम पंचायत क्षेत्रों में कचरे को खुले में फेंकनाए जलाना अथवा भूमि में दबाना नियमों के विरुद्ध है और ऐसा करने वालों के विरुद्ध जुर्माना सहित वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत क्षेत्रों में संचालित बल्क वेस्ट जेनरेटरों की पहचान करने तथा उनका केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के पोर्टल पर पंजीयन कराने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता और जनजागरूकता के माध्यम से ही स्वच्छए स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल ग्रामों का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में मुख्य रसायनज्ञ नवीन चंद्र मालवीय, वैज्ञानिक श्वेता खाखा, वैज्ञानिक सतीश पटेल, पर्यावरण विभाग के अधिकारीगण, जिला पंचायत से एपीओ वीरेंद्र सिंह राय, जिला सलाहकार एसबीएम अर्जुन मेहेर, विभिन्न जनपद पंचायतों की एसबीएम.जी टीम, सरपंच, सचिव एवं स्वच्छाग्रही बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आपसी सौहार्द, शांति एवं अनुशासन के साथ मनेगा मोहर्रम

**रायगढ़।** जिले में 26 जून को आयोजित होने वाले मोहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दए शांति एवं अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। पर्व के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित बैठक में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, एसडीएम महेश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मोहर्रम पर्व के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कहा कि पर्व को पूर्ण शांति, सौहार्द एवं अनुशासन के वातावरण में मनाया जाएगा तथा सभी आयोजन निर्धारित नियमों एवं दिशा.निर्देशों के अनुरूप संपन्न होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी ताजिया एवं अखाड़ा के दौरान किसी भी प्रकार के शस्त्र प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी। सभी ताजिया समितियों एवं समाज प्रमुखों से नियमों का पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। बैठक में समाज प्रमुखों ने विभिन्न ताजिया एवं अखाड़ों में शामिल होने वाली संभावित भीड़ तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुझाव रखे।



## साढ़े 4 लाख की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय की अधिकारियों ने ली सुध, सरपंच सचिव को नोटिस

**बरमकेला।** ग्राम पंचायत करनपाली में साढ़े 4 लाख की लागत से स्वीकृत निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय की बदहाल स्थिति को लेकर प्रकाशित समाचार का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। खबर प्रकाशित होने के बाद बरमकेला जनपद के अधिकारी हरकत में आए और मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत करनपाली के सरपंच एवं सचिव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। प्रशासनिक सख्ती के बाद शौचालय परिसर में सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है तथा अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने की कवायद भी तेज हो गई है। गौरतलब है कि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर में करनपाली के निर्माणाधीन सामुदायिक शौचालय की वास्तविक स्थिति को प्रमुखता से उजागर किया गया था। खबर में बताया गया था कि वर्ष 2022-23 में स्वीकृत लगभग 4.50 लाख रुपए की लागत वाला यह निर्माण कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सका है। शौचालय के दोनों कक्षों में सीट स्थापित नहीं थी, परिसर में झाड़ियां और गंदगी फैली हुई थी तथा निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरी अवस्था में पड़ा हुआ था। ग्रामीणों ने इसे पंचायत प्रशासन की निष्क्रियता बताते हुए मामले की जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की थी। समाचार प्रकाशित होने के बाद मामला जनपद पंचायत बरमकेला के संज्ञान में आया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ अजय पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम पंचायत करनपाली के सरपंच एवं सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जारी नोटिस में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायत करनपाली में सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया थाए लेकिन निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया गया। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में भी दिए गए थे।



### पांच दिन के भीतर पूरा करना होगा काम

जनपद द्वारा जारी नोटिस में सरपंच-सचिव को सामुदायिक शौचालय निर्माण पांच दिन के भीतर पूरा करने कहा गया है। साथ प्रतिवेदन के साथ अधिकारियों के सामने उपस्थित होने कहा गया है। निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण नहीं किया गया अथवा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गयाए तो नियमानुसार एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी।

### सफाई शुरू होने से ग्रामीणों में जगी उम्मीद

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से यह निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ था और इस दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही थी। समाचार प्रकाशित होने और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद अब परिसर में सफाई एवं निर्माण कार्य शुरू होने से लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही यह सुविधा उनके उपयोग के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

### इंदिरा गांधी ने 1975 में संविधान को बंधक बनाया था

# आपातकाल लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे काली अवधि 25 जून 1975 को लगे आपातकाल के 49 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त शशांक शर्मा ने रायगढ़ में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस की तानाशाही को उजागर किया। 21 महीने के दौरान आपातकाल का काला से शशांक शर्मा ने बताया कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक का 21 महीने का समय स्वतंत्र भारत का सबसे अलोकतांत्रिक काल था। तत्कालीन राष्ट्रपति फ़ख़रुद्दीन अली अहमद ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कहने पर भारतीय संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल लगा दिया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने इसे भारतीय इतिहास का सर्वाधिक काला अवधि निरूपित किया। भाजपा नेता ने कहा सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या से गुरेज नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ देश भर में भयंकर आक्रोश था। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा राजनारायण की चुनाव याचिका पर इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला आते ही उनके हाथ से सत्ता निकलती दिखी। तब 25 जून 1975 की रात आपातकाल घोषित कर लोकतंत्र को निलंबित कर दिया गया। आपातकाल लगते ही स्वयंसेवकों और गैर.कांग्रेसी नेताओं की गिरफ्तारी शुरू हो गई। लोकनायक जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, अरुण जेटली, जॉर्ज फर्नांडिस, नीतीश कुमार, सुशील मोदी, रामविलास पासवान समेत हजारों नेता रातों रात गिरफ्तार किए गए। अविभाजित मध्यप्रदेश से भी सभी विपक्षी नेता जेल में डाल दिए गए। मीडिया पर सबसे बड़ा प्रहार हुआ। 3801 अख़बार ज़ब्त किए गए, 327 पत्रकार मीसा कानून में बंदए 290 अख़बारों के सरकारी विज्ञापन बंद और संवाददाता भारत से निकाले गए। 51 विदेशी पत्रकारों की मान्यता छीन ली गई। शशांक शर्मा ने कहा कि सेक्युलरिज्म और सोशलिज्म शब्द आपातकाल से पहले संविधान में थे ही नहीं।

### चिखली में आयुर्वेद एवं होम्योपैथी शिविर आज

**रायगढ़।** पुसौर अंतर्गत चिखली बाजार में 25 जून को आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। सामुदायिक भवन चिखली बाजार में शिविर आयोजित होगा। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वातरोग, श्वास रोग, कास खांसी, चर्म रोग, स्त्री रोग, अर्श, नेत्र रोग, जराव्याधि, दौर्बल्यता सहित विभिन्न बीमारियों का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा। साथ ही मरीजों को निःशुल्क औषधियों का वितरण भी किया जाएगा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के ...